>

Title: Alleged adverse impact of sex education being proposed to be introduced by CBSE as a part of school curriculum.

MR. SPEAKER: Only Shrimati Sumitra Mahajan's statement will be recorded.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय: आप सुमित्रा महाजन नहीं हैं। आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर): मैं जो महत्वपूर्ण मुद्दा सदन में उठाना चाहती हूं, सदन में बैठे हुए लोग, जो दादा-दादी भी हैं और उनके बच्चे भी स्कूलों में पढ़ रहे हैं, इस संबंध में सब पोलिटिकल पार्टीज को एक होकर इसकी भूमिका में विचार करना बहुत आवश्यक है। एडोलसेंट एजुकेशन प्रोग्राम के नाम से स्कूलों में छठी कक्षा से सैक्स एजुकेशन देने की बात हो रही है। एचआरडी मिनिस्ट्री की ओर से कुछ प्रोग्राम जारी भी किया गया है, गत वर्ष जारी हुआ था और ऑब्जेक्शन उठने के बाद केवल कुछ चित्र हटाए गए। मैं सभी सदस्यों से कहना चाहती हूं कि इस प्रकार से सैक्स एजुकेशन देना शिक्षक का काम नहीं है।

MR. SPEAKER: Differences of opinion are there.

श्रीमती सुमित्रा महाजन : एड्स कंट्रोल के लिए छोटे बच्चों को पढ़ाया जा रहा है और यह एजुकेशन एड्स कंट्रोल के लिए दी जाती है। बायोलॉजी, मौरल साइंस, सोशल साइंस पढ़ाना बात अलग है, सिविक्स पढ़ाओ तो बात समझ में आती है लेकिन इस प्रकार से N.A.C.O. कहां से आ गई? उनके पास करोड़ों रुपए हैं और इसलिए इसमें झोंक रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : जब टीवी पर नाच देखते हैं?

श्रीमती सुमित्रा महाजन : मैं सभी सदस्यों से अपील करना चाहती हूं कि हमारे बच्चों को टीवी आदि सभी बिगाड़ने में लगे हुए हैं। अगर सैक्स एजुकेशन स्कूलों में शुरू होता है तो वह कहर ढा सकता है। सरकार को इसे देखना ही चाहिए और तुंत वापिस लेना चाहिए। मेरा आप सबसे निवेदन है क्योंकि कहा जाता है - अनाज का अकाल पड़ता है तो मनुष्य मर जाता है लेकिन जब अकाल संस्कारों का होता है तो मनुष्यता मर जाती है। यह यहां कल हो सकता है। इसलिए आप सबसे निवेदन है कि मजबूती से इस बात को अपोज करें ताकि तुंत इस चीज को रोक दिया जाए।

श्रीमती रंजीत रंजन (सहरसा): अश्लील फिल्मों पर रोक लगनी चाहिए।

श्रीमती जयाबहन बी. ठक्कर (वडोदरा): मैं सुमित्रा महाजन जी की बात से अपने को संबद्ध करती हूं।

श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर) : मैं सुमित्रा महाजन जी की बात से अपने को संबद्ध करती हूं।

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर): मैं सुमित्रा महाजन जी की बात से अपने को संबद्ध करता हूं।

श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव (बोलनगीर) : मैं सुमित्रा महाजन जी की बात से अपने को संबद्ध करती हूं।

MR. SPEAKER: Shri Chhewang Thupstan comes from a difficult area and he has got his problems.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do you want to associate? If you want to associate, please send your slips to associate yourself.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It is controversial in nature.

SHRIMATI SUMITRA MAHAJAN : There is nothing controversial in this. Sex education is not necessary. How can it be a controversial issue?

MR. SPEAKER: Well, there are different opinions on this issue.

...(*Interruptions*)